हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 5 अप्रैल 2025

तापमान

अधिकतम 38.1 डिग्री
न्यूनतम 14.5 डिग्री

14 इंस्टीट्यूट के ट्रस्टियों पर करोड़ों के गबन का आरोप



14 सैनी सभा की कार्यकारिणी का नए सिरे से होगा गठन



## खबर संक्षेप

### बाइक सवार से मारपीट करने वाले तीन पकड़े

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस टीम ने जाटल गांव में बाइक सवार युवक सागर का रास्ता रोककर मारपीट करने वाले तीन आरोपियों निवासी दीपक, फुरकान व रिंकू निवासी गांव चुलकाना को वीरवार को गिरफ्तार किया। थानेदार देवेंद्र ने बताया कि इस मामले में सागर निवासी गांव सुताना जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### घर से नकदी लेकर युवती प्रेमी के साथ हुई फुर्र

**इसराना।** पानीपत के गांव कारद में एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती अपने जीजा के घर रहती थी और उसके घर से 50 हजार रुपए नकद, सोने की एक अंगूठी, दो जोड़ी पाजेब और एक जोड़ी चुटकी लेकर फरार हो गई। वहीं जीजा व लडकी के परिजनों ने उसकी हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इधर, जीजा की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ग्वालडा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

**इसराना।** गांव ग्वालडा में सरपंच दीपक शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया है। ग्राम पंचायत के कुल 12 सदस्यों में से 9 सदस्यों ने सरपंच के विरुद्ध मतदान किया, जबकि तीन सदस्य उनके पक्ष में रहे। दीपक पर पर भ्रष्टाचार और पंचायती जमीन के साथ छेड़छाड़ के आरोप लगे थे। पंचायत सदस्यों ने नवंबर में खंड विकास अधिकारी को लिखित शिकायत दी थी। शुक्रवार को यह कार्रवाई ग्राम सचिव सचिन सहित पांच अन्य सचिवों और पुलिस प्रशासन की निगरानी में संपन्न हुई।

### विवाहिता पड़ोसी युवक के साथ भागी, केस दर्ज

**इसराना।** गांव हडताडी में विवाहिता अपनी चार माह की पुत्री को घर पर अकेला छोड़कर पड़ोसी युवक के साथ फरार हो गई। इधर, पति की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है। इधर, पति ने पुलिस को बताया कि उसे पडोस में बिहार के श्रीरामपुर का रहने वाला प्रदीप पासवान रहा था और उसकी पत्नी के साथ उसकी बोलचाल थी। वहीं पति को शक है कि पासवान ही उसकी पत्नी को बहला फुसला का अपने साथ ले गया। इधर, पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

### दिल्ली के व्यापारी की कार में लगी आग

**इसराना।** पानीपत में रोहतक हाईवे पर गांव बिजावा के मोड पर दिल्ली के व्यापारी तोहीन की कार में अचानक आग लग गई। तोहीन कार से नीचे उतर गया और कार देखते ही देखते आग का गोला बन गई। घटना की सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को काबू किया। वहीं, इसराना थाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि की शिरकत

# प्रदेश में धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों को सर्वाधिक सब्सिडी

## डीएसआर में पौधों को रोपाई करने की जरूरत नहीं होती


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- जल संरक्षण आधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) अपनाने वाले किसानों के लिए राज्य सरकार 4000 रुपये प्रति एकड़ की सब्सिडी प्रदान कर रही है, जो देश में सबसे अधिक है। हरियाणा सतत धान खेती को बढ़ावा देने में अग्रणी राज्य है।

पारंपरिक रोपाई विधियों के विपरीत, जिसमें अत्यधिक पानी की आवश्यकता होती है, डीएसआर में पौधों को रोपाई करने की जरूरत नहीं होती, जिससे पानी की खपत और श्रम लागत में काफी कमी आती है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा शुक्रवार को हरियाणा कृषि विभाग के सहयोग से सवाना सीड्स द्वारा जल संरक्षण आधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए पैराकिट पिपली में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला में डीएसआर अपनाने के फायदों और चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला में किसानों और कई जिलों के कृषि उपनिदेशकों ने भाग लिया। जिन्होंने डीएसआर की संभावनाओं पर चर्चा की, जिससे भूजल स्तर की गिरावट को रोकने और धान की खेती की दक्षता में सुधार किया जा सके। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रदेश सरकार की किसानों को सतत कृषि की ओर स्थानांतरित करने में सहायता करने वाली योजनाओं को लेकर कहा कि हरियाणा के किसानों के लिए जल संरक्षण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सरकार डीएसआर को एक स्थायी विकल्प के रूप में बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और किसानों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और उन्नत बीज तकनीक तक पहुंच प्रदान करेगी।

हरियाणा सरकार का लक्ष्य 3 लाख एकड़ भूमि को डीएसआर खेती के अंतर्गत लाना है, और 2024 तक 50,540 किसान पहले ही 1.8 लाख एकड़ भूमि पर इस तकनीक को अपना चुके हैं। उन्होंने कहा कि धान हरियाणा की एक प्रमुख खरीफ फसल है, जिसका 2022-23 में उत्पादन 59.21 लाख टन से अधिक था। राज्य में धान की खेती लगभग 30 लाख हेक्टेयर में फैली हुई है।



कुरुक्षेत्र। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा।

### डीएसआर को बढ़ावा

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राणा ने कहा कि पारंपरिक धान खेती में प्रति किलोग्राम धान उत्पादन के लिए लगभग 3000-4000 लीटर पानी की आवश्यकता होती है, जिससे यह एक जल-गहन प्रक्रिया बन जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार सक्रिय रूप से डीएसआर को बढ़ावा दे रही है ताकि जल संरक्षण किया जा सके और कृषि दक्षता में सुधार हो। सवाना सीड्स के सीईओ तथा फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय राणा ने डीएसआर की सफलता सुनिश्चित करने में तकनीक की भूमिका पर जोर दिया।

# ओपन बेडमिंटन टूर्नामेंट आज से करनाल में होगी




- करनाल के विधायक जगमोहन आनंद करेंगे टूर्नामेंट का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में ओपन बेडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन पांच और छह अप्रैल को किया जाएगा। इसमें हरियाणा के साथ-साथ दूसरे राज्यों से लगभग 250 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बी-24 बेडमिंटन अकादमी की ओर से टूर्नामेंट करवाया जा रहा है।

सभी मैच अकादमी के कोर्टस में ही खेले जाएंगे। अकादमी के संस्थापक नरेंद्र कुकरेजा और रविंद्र भाटिया ने अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 व अंडर-17 आयु वर्ग में लडक़े और लड़कियों के एकल मुकाबले तथा युगल मुकाबले खेले जाएंगे। इसके अलावा कंबाइन आयु वर्ग में 75 वर्ष तक की आयु के खिलाड़ी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि अकादमी का प्रयास रहता है कि बेडमिंटन में रूचि रखने वाले खिलाडिय़ों को ऐसा मंच प्रदान किया जाए, जिससे वह खेल तकनीक और प्रतिभा को निखार सकें। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का उदघाटन विधायक जगमोहन आनंद करेंगे, जबकि पार्षद संकल्प विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। टूर्नामेंट की आर्गेनाइजिंग कमेटी में विजेन्द्र सिंह, राजेश डुडेजा, एडवोकेट यश चोपड़ा, एडवोकेट विकास राणा, एडवोकेट आशीष यादव, केवल कृष्ण, दीपक मास्टर, कृष बवेजा व राजन गाबा को शामिल किया गया है। टेक्निकल कमेटी में अंतराष्ट्रीय पेरा बैडमिंटन खिलाड़ी नीरज, कोच शिवम, कोच शालू व कोच सुमित खांची को शामिल किया गया है।

# राज्य गीत गाकर डॉ. श्याम ने किया प्रदेश को गौरवान्वित : प्रो. सोमनाथ सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कुरुक्षेत्र विवि के एलुमनी डॉ. श्याम शर्मा को सम्मानित किया

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शुक्रवार को हरियाणा राज्य गीत गाने वाले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एलुमनी डॉ. श्याम शर्मा को कुलपति कार्यालय में अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राज्य गीत गाकर डॉ. श्याम शर्मा ने हरियाणा प्रदेश सहित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। जय जय जय हरियाणा, जय जय जय हरियाणा, पावन धरती वेदों की, जहां हुआ हरि का आणा हरियाणा राज्य गीत में अपनी मधुर आवाज देकर डॉ. श्याम शर्मा ने न केवल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का बल्कि पूरे हरियाणा राज्य का मान बढ़ाया है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि उनका यह गीत राज्य की शौर्य गाथाओं और वीर जवानों के संघर्षों को समर्पित है जो हरियाणा की समृद्ध संस्कृति एवं लोक परम्परा की गाथा को भी अभिव्यक्त करता है। डॉ. श्याम शर्मा की शानदार आवाज ने गीत को एक ऐतिहासिक स्वरूप दिया है, जिसे हरियाणा के सभी लोग गर्व से गाते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. श्याम शर्मा की मेहनत एवं लगन सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी है।



कुरुक्षेत्र। राज्य गीत गाने वाले केयू एलुमनी डॉ. श्याम शर्मा को सम्मानित करते कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती महिला की मौत

- मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर लगाया दहेज हत्या का आरोप
- पति समेत ससुराल पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के प्रतापनगर थाना क्षेत्र के गांव ताजेवाला में एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर उसकी दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद मृतका के आरोपी पति व सास समेत नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

रादौर निवासी त्रिलोक चंद ने बताया कि उसने अपनी बेटी 32 वर्षीय मीनाक्षी की शादी ताजवाले के रविंद्र कुमार से 11 मार्च 2020 में की थी। उसका पांच साल का एक बेटा है।

अब उसकी लड़की चार माह से गर्भवती थी। ससुराल वाले दहेज में बाइक नहीं देने के लिए उसकी लड़की को प्रताड़ति करते थे। उन्होंने एक सप्ताह पहले ही पंचायती समझौते के बाद अपनी लड़की को ससुराल में भेजा था। रादौर से वार्ड नंबर तीन के पार्षद अधिवक्ता श्रीकांत ने बताया कि कल दोपहर बाद उन्हें मीनाक्षी की पंखे से फांसी लेकर आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। उसने फांसी को लेकर रविंद्र से कई सवाल पूछे जो घटना से मेल नहीं खाते थे। उन्होंने ससुराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।



यमुनानगर। गांव ताजेवाला में हुई गर्भवती महिला मृतका मीनाक्षी का फाइल फोटो व जानकारी देते हुए मृतका के परिजन।

### जांच अधिकारी बोले

थाना प्रतापनगर के प्रभारी गुरमेल सिंह ने बताया कि मामले में मृतका के ससुराल पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृत्यु के कारणों का पता पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद चलेगा।

# चेक बाउंस होने पर चार लाख का जुर्माना व 6 माह की सजा

- आरोपी ने उधार राशि लेकर गारंटी के तौर पर दिए थे चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जेएमआईसी नीलम की कोर्ट करनाल ने दो अलग-अलग मामलों में चैक बाउंस होने पर रामनगर निवासी विजय गांधी पुत्र एन.एल गांधी को तीन-तीन माह की सजा सुनाई है। इस मामले में आरोपी को चार-चार लाख रुपये का भुगतान फरियादी को तीन माह के भीतर देने के आदेश दिए।

एडवोकेट मुकेश गोरसी ने बताया कि गांव धौलगढ़ निवासी विनोद कुमार तथा राकेश कुमार निवासी धौलगढ़ से रामनगर निवासी विजय गांधी ने 27 फरवरी 2015 को निजी कार्य के लिए दो-दो लाख रुपए लिए थे। गारंटी के तौर पर इनको चैक दिए थे। पैसे का भुगतान नहीं देने पर दोनों ने बैंक में चैक लगाया। लेकिन उनके चैक बाउंस हो गए। इस पर दोनों ने विजय गांधी के खिलाफ कोर्ट में चैक बाउंस का केस 19 सितंबर 2019 को दायर किया। कोर्ट ने आरोपी विजय गांधी को दोनों मामलों में तीन तीन माह की सजा तथा चार-चार लाख रुपये का भुगतान तीन माह में करने का निर्णय सुनाया।

# गोली चलाने के तीन आरोपी गिरफ्तार

- हरविंदर व हरप्रीत के बीच में रंजिश के चलते हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला पुलिस करनाल की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट टीम के इंचार्ज निरीक्षक विपिन कुमार की अध्यक्षता में घरौंडा करनाल के नजदीक नाकाबंदी करके आरोपी नवीन उर्फ लाडी पुत्र स्व. प्रवीण कुमार, धीरज पुत्र जय नारायण निवासी बाल्मीकि बस्ती करनाल तथा हरविंदर सिंह उर्फ लाडी पुत्र हरबंस सिंह निवासी घरौंडा करनाल को गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि 2 अप्रैल को दोपहर के समय कोर्ट परिसर के बाहर हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र सतनाम सिंह निवासी घरौंडा अपने केस में पेशी पर जिला करनाल कोर्ट में आया हुआ था। जब वह पेशी भुगतने के बाद नगर निगम ऑफिस के पीछे पहुंचा तो मोटरसाइकिल पर सवार दो लड़कों ने हरप्रीत सिंह को जान से मारने की नीयत से देसी पिस्तौल से फायर किए थे, जिसमें हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी व एक अन्य व्यक्ति गुरविंदर सिंह घायल हो गए थे। जांच में पता चला कि हरविंदर सिंह उर्फ लाडी व हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी के बीच में काफी समय से रंजिश चली आ रही थी और हरविंदर ने हरप्रीत के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करवा रखा है।



# युवती से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



- आरोपी को कोर्ट में पेशकर न्यायिक हिरासत में भेजा

युवती को बाइक पर बिठाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने देर शाम गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

प्रतापनगर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि तीन मार्च को उसकी लड़की बिना बताए घर से चली गई थी। चार मार्च को लड़की अपने घर आ गई थी। लड़की ने बताया कि गांव अमलोहा निवासी मोहित उसे जबरदस्ती बाइक पर बिठाकर भगाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी मोहित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

दुर्गाष्टमी आज, मां दुर्गा की कृपा सब पर खूब बरसेगी

# दुर्गाष्टमी पर ग्रह नक्षत्र का विशेष संयोग

- आज सुकर्मा योग भी है, यह भी शुभ फल देने वाला माना जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की जाती है। इस दौरान अष्टमी तिथि का विशेष महत्व है। अष्टमी के दिन मां दुर्गा की विशेष पूजा की जाती है।

दुर्गाष्टमी पर कई जगहों पर विशेष उत्सवों का आयोजन किया जाता है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि विशेष सहयोग होने के कारण इस दुर्गाष्टमी का बहुत अधिक महत्व है मां दुर्गा की कृपा सब पर खूब बरसेगी क्योंकि इस वर्ष दुर्गाष्टमी पर ग्रह नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है। दुर्गा अष्टमी पर शिववास योग का होना बहुत शुभ माना जा रहा है। शिववास योग निशा काल में है। इसके अलावा, सुकर्मा योग भी है। यह योग भी शुभ फल देने वाला माना जाता है। पुनर्वसु नक्षत्र भी इस दिन है। दुर्गाष्टमी पर माता रानी की पूजा विधि-विधान के साथ करने से माता की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस दिन मां दुर्गा की पूजा करने से कन्याओं को भोजन करने से और किसी भी मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करने से आपको माँ दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होंगी। वहीं, देवी महागौरी अपने भक्तों में शक्ति और सकारात्मक का संचार करती हैं।

### दुर्गाष्टमी की पूजा विधि



पं. रामराज कौशिक

गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक पं. रामराज कौशिक के अनुसार ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें शुद्ध लाल या अन्य स्वच्छ कपड़े पहने और मां दुर्गा का ध्यान कर व्रत का संकल्प लें। फिर पूजा स्थान को साफ करें और मां को फल फूल, धूप बत्ती, और घी का दीपक जलाएं। दुर्गा सप्तशती और चालीसा का पाठ करें और अंत में मां की आरती करें। कन्याओं को भोग लगाकर प्रसाद वितरित करें।

### दुर्गाष्टमी का महत्व

चैत्र नवरात्रि में दुर्गा अष्टमी 5 अप्रैल को मनाई जाएगी। वैदिक पंचांग के अनुसार, अष्टमी तिथि 4 अप्रैल को रात 8 बजकर 12 मिनट पर शुरू होगी। यह 5 अप्रैल को शाम 7 बजकर 26 मिनट पर समाप्त होगी। इसलिए, पंचांग के अनुसार उदयातिथि के अनुसार दुर्गा अष्टमी 5 अप्रैल को मनाई जाएगी। दुर्गा अष्टमी के दिन मां महागौरी की पूजा का विधान है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन पूजा करने से घर में सुख-शांति आती है। परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम बढ़ता है और क्लेश दूर होता है। दुर्गा अष्टमी के दिन मां महागौरी की पूजा करने से मनुष्य को आरोग्य की प्राप्ति होती है।

# दुकानदार से फिरौती मांगने के 2 आरोपी गिरफ्तार

- जेल में सर्च अभियान चलाकर मुख्य आरोपी दिलभाग से मोबाइल फोन किया था जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

जिला कुरुक्षेत्र पुलिस ने दुकानदार से फिरौती मांगने के दो आरोपियों मित्रपाल उर्फ काली वासी जाजनपुर जिला कैथल व अंकित कुमार वासी अरनैचा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है।

अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि 1 अप्रैल 25 को आशीष गोयल वासी पिहोवा ने थाना सदर पेहवा पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी पेहवा में मोबाईल सर्विस की दुकान है। 6 मार्च को समय करीब 1 बजे काली वासी जाजनपुर उसकी दुकान पर आया और आते ही उसने अपना फोन को उसके कान पर लगाकर कहा कि दिलबाग उर्फ बग्गा वासी हेलवा से बात कर। जब उसने दिलबाग उर्फ बग्गा से बात कि तो अगर उसने कहा कि सही सलामत रहना है तो उसको खर्चा देना होगा। 30 मार्च को काली फिर से दुकान पर आया और फोन पर बात करते हुए उससे 1 लाख रुपये की मांग की। उसने इस बार पैसे ना दिए तो जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पर थाना सदर पेहवा में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को सौंपी गई। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल के मार्ग-निर्देश में उप निरीक्षक रणधीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, लखन सिंह, मुख्य सिपाही गुरमेज, ललित कुमार, नरेश कुमार व प्रदीप कुमार की टीम ने दुकानदार से फिरौती मांगने के आरोपी मित्रपाल उर्फ काली वासी जाजनपुर जिला कैथल व अंकित कुमार वासी अरनैचा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत के आदेश पर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।




कुरुक्षेत्र। पुलिस की गिरफ्त में फिरौती मांगने के दोनों आरोपी।

### मुख्य आरोपी जेल में

प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि मामले का मुख्य आरोपी पिहोवा के व्यापारी मर्डर मामले में कुरुक्षेत्र जेल में बन्द है। आरोपी दिलभाग जेल से अपने साथियों मित्रपाल उर्फ काली व अंकित कुमार को फोन करके व्यापारियों से फिरौती मांगने के लिए भेजता है। पुलिस ने टीम ने जेल विभाग के साथ मिलकर जेल में सर्च अभियान चलाकर आरोपी दिलभाग से मोबाईल फोन बरामद किया था।

## खबर संक्षेप

### रविदास मंदिर से चोरों ने चोरी कर लिया दानपात्र

**रादौर।** जिले के गांव छारी में चोरों ने रविदास के मंदिर में रखे दानपात्र को चोरी कर लिया। दानपात्र में चढ़ावे के हजारों रुपये थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक गांव छारी निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी।

### परिचित से मिलने आए व्यक्ति का पर्स चोरी

**यमुनानगर।** शहर के जेपी अस्पताल में परिचित से मिलने आए व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी हो गया। पर्स में 12 हजार रुपये तथा जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सेक्टर-17 हुड्डा निवासी राजिंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तीन अप्रैल को शहर के जेपी अस्पताल में परिचित से मिलने के लिए आया था।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को फर्स्ट एड व आपदा प्रबंधन की जानकारी देते हुए प्रशिक्षक।

### छात्रों को आपदा प्रबंधन का ज्ञान होना जरूरी

**यमुनानगर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में यूथ रैडक्रास सेल, आपदा प्रबंधन इकाई व रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय फर्स्ट एड एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रुपेंद्र कुमार व डॉ. उमंग बरेजा ने की। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनिल धवन ने कहा कि कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार करने की जानकारी देना व आपदा प्रबंधन के दौरान लोगों की सहायता करने की जानकारी देना रहा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित रहने के लिए सक्षम बनाती हैं।

## अतिरिक्त निगमायुक्त ने बैठक में दिए दिशा निर्देश

# ट्विन सिटी को सुंदर बनाने में दें सहयोग

- अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने निगम कार्यालय में आयोजित सामाजिक व पार्क एसोसिएशनों के पदाधिकारियों की बैठक में दिए दिशा निर्देश
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को यमुनानगर में आगमन को लेकर ट्विन सिटी को सुंदर व स्वच्छ बनाए जाने के लिए अलर्ट मोड पर है जिला प्रशासन



**यमुनानगर।** यमुनानगर के निगम कार्यालय में आयोजित एसोसिएशनों के पदाधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए अतिरिक्त निगमायुक्त अशोक कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर ट्विन सिटी को सुंदर व स्वच्छ बनाए जाने को लेकर निगम कार्यालय में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व पार्क समेत अन्य एसोसिएशनों के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त निगमायुक्त अशोक कुमार ने की। उन्होंने सभी एसोसिएशनों के पदाधिकारियों को शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने, पार्कों का सौंदर्यीकरण करने, सूखे व गीले कचरे का निगम के वाहनों को अलग अलग करके देने के प्रति जागरूक किया और उन्हें आमजन को इसके प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने बताया कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर आ रहे हैं। उनके आगमन से पूर्व शहर को सुंदर व साफ बनाने में नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी जुटे हुए हैं। सड़कों को दुरुस्त व साफ किया जा रहा है। डिवाइडर, ग्रिल, स्ट्रीट लाइट पोल पेंट किए जा रहे हैं। सड़क किनारे व डिवाइडर पर जमा मिट्टी को साफ किया जा रहा है। सड़क किनारे व डिवाइडर के बीच लगे पेड़ों की ट्रिमिंग कर सुंदर रूप दिया जा रहा है। पार्कों को भी सुंदर बनाने का कार्य किया जा रहा है। निगम के इस अभियान में सभी सामाजिक, पार्क, धार्मिक व अन्य एसोसिएशन भी सहयोग करें। इसको लेकर सृष्टि जन कल्याण, अखिल भारतीय समाज सेवा केंद्र, स्नेह सेवा ट्रस्ट,सुदर्शन फाउंडेशन, श्रीकृष्ण कृपा समिति, युवा खेल समेत विभिन्न एसोसिएशनों की बैठक ली गई। सभी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने निगम के इस अभियान में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### शहर को बनाएं स्वच्छ

अतिरिक्त निगमायुक्त अशोक कुमार ने आमजन को भी शहर को साफ सुंदर व स्वच्छ बनाने में सहयोग देने के लिए आहवान किया। उन्होंने लोगों से खुले में गंदगी, मिट्टीए गंदा पानीए कीचड़ व अन्य कचरा न डाले। कचरा केवल डस्टबिन या डोर टू डोर आने वाले निगम के वाहनों में ही डाले। वाहन चालक भूस, मिट्टी, रेत, राखी, खाद आदि सामान ढककर व बांध कर ही अपने गंतव्य पर पहुंचाएं। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन की आईईसी एक्सपर्ट पूजा अग्रवाल व मीनू चसवाल ने भी एसोसिएशनों के पदाधिकारियों को सफाई को लेकर जागरूक किया। मौके पर नीरू, मनमोहन सिंह, ममता सैन व रिंकल ओबेरॉय आदि मौजूद रहे।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज में मेले का आयोजन

# मेगा जॉब फेयर में दिया 408 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार



**यमुनानगर।** यमुनानगर के गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित मेगा जॉब फेयर में चयनित हुए बच्चे खुशी जताते हुए।

- गुरु नानक खालसा कॉलेज में मेगा जॉब फेयर-2025 का किया आयोजन
- कॉलेज प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने जॉब फेयर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के प्रशिक्षण एवं रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जीएनके ग्रुप के सहयोग से मेगा जॉब फेयर 2025 का आयोजन किया। जॉब फेयर में एक्सिस बैंक, उत्कर्ष बैंक, एचडीएफसी बैंक, सांई कॉरपोरेशन, श्रीराम फाइनेंस, एमएमजी हेल्थ केयर, बल्क एसएमएस समेत कई कंपनियों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। जॉब फेयर में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 408 विद्यार्थियों ने अपना साक्षात्कार दिया। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. प्रतिमा शर्मा ने मेगा जॉब फेयर में पहुंचे कंपनियों के अधिकारियों का स्वागत किया। मौके पर प्रशिक्षण एवं रोजगार प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. राजिंदर सिंह वोहरा ने विद्यार्थियों को कौशल आधारित प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने में कॉलेज के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला। वहीं, जीएनके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. पीर गुलाम नबी ने इस पहल की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह मेगा जॉब फेयर छात्रों की सफलता के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अवसर पर डीएवी कॉलेज यमुनानगर की प्रिंसिपल डॉ. सुरिंदर कौर बांगा ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। मौके पर डॉ. अशोक खुराना, डॉ. कैथरीन मसीह, डॉ. डॉ. संजय विज, डॉ. किरणपाल सिंह विर्क, डॉ. तिलक राज, डॉ. रामेश्वर दास, डॉ. श्वेता सचदेवा, प्रो. जसप्रीत सिंह,

डॉ. निधि महेंद्रु व टीपीओ जितेंद्र पराशर के अथक प्रयासों से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने कॉलेज के प्रशिक्षण और रोजगार प्रकोष्ठ के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के करियर विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस तरह की पहल न केवल विद्यार्थियों को सशक्त बनाती है। बल्कि कॉर्पोरेट जगत के साथ हमारे संबंधों को भी मजबूत करती है।

## एमएलएन कॉलेज रादौर में पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# राजविंद्र प्रथम और मुस्कान द्वितीय रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के एमएलएन कॉलेज में नवरात्रि व दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष में सांस्कृतिक विभाग एवं लीगल लिटरेसी सैल द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने बताया कि पेंटिंग प्रतियोगिता में राजविंद्र ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय व तनीशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति का रूप है। नारी के और भी कई रूप हैं। जिनका पूजन नवरात्रों में किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमे सच्चे मन से व्रत रखना चाहिए। नारी के सभी रूपों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. महेंद्र सिंह, प्रो. नवीन भारद्वाज, प्रो. जयचंद, प्रो. बंटी कुमार व पंकज आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के रादौर में एमएलएन कॉलेज में विजेताओं को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

# जल की एक-एक बूंद बचाना जरूरी: जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिलावासियों से जल संरक्षण अभियान में बढ़चढ़कर भागीदारी करने का किया आह्वान

भू जल स्तर में सुधार लाने और प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन हेतु केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संचय जन भागीदारी अभियान शुरु किया गया है। जिसमें हम सभी का कर्त्तव्य है कि इस अभियान में बढ़चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अभियान को सफल बनाने के लिए जिलेवासियों को इस अभियान में भाग लेने के लिए आहवान किया।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए जल की एक एक बूंद बचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जल संचय जन भागीदारी जन जागरूकता की ओर थीम के साथ जल शक्ति अभियान कैच दी रेन के छठे संस्करण की शुरूआत की गई है। जिसे सफल बनाने के लिए सभी मिलकर आगे आएं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन, जियो टैगिंग और सभी जल निकायों की सूची बनाना, वैज्ञानिक संरक्षण योजनाओं की तैयारी, सभी जिलों में जल शक्ति केंद्र स्थापित करना, गहन वनरोपण और जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

### जल संरक्षण राष्ट्रीय प्राथमिकता बना



डीसी ने कहा कि जल संरक्षण एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गया है। हमें जल की एक एक बूंद को आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जल संचय जन भागीदारी अभियान की शुरुआत जल संकट से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के साथ साथ भारत सरकार ने जल शक्ति अभियान, अटल भूजल योजना सहित कई कार्यक्रम लागू किए हैं। जिनका उद्देश्य जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना है। यह सामूहिक प्रयास प्रभावी भागीदारीए टिकाऊ प्रथाओं और व्यापक जागरूकता के माध्यम से भारत के लिए जल सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाते हैं। सरकार की ओर से जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत वर्षा जल संचयन को बढ़ाने और दीर्घकालिक जल स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जिला में जल संचय जन भागीदारीष, अभियान का सफल क्रियान्वयन करवाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जल संचय जन भागीदारी अभियान की सतत मॉनिटरिंग करने की बात कही।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के गांव अलाहर स्थित जेपीएस गुरुकुल में छात्रा मोक्षिता शर्मा को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

# छात्रा मोक्षिता ने उत्कृष्ट अंकों से जेएनवी की परीक्षा की उत्तीर्ण

- जेपीएस गुरुकुल अलाहर की छात्रा है मोक्षिता
- गुरुकुल के स्टॉफ सदस्यों ने छात्रा मोक्षिता की सफलता पर उन्हें किया सम्मानित

**रादौर।** जेपीएस गुरुकुल अलाहर की छात्रा मोक्षिता ने जेएनवी की परीक्षा उत्कृष्ट अंको से उत्तीर्ण करके अपने परिजनों व गुरुकुल का नाम रोशन किया है। गुरुकुल के स्टॉफ सदस्यों ने छात्रा मोक्षिता को सम्मानित किया है।

गुरूकुल के चेयरमैन मुकेश शास्त्री व प्रिंसिपल रूबी कांबोज ने छात्रा मोक्षिता का मुंह मीठा करवाकर बधाई व शुभकॉमनाएं दी। उन्होंने कहा कि छात्रा मोक्षिता ने जेएनवी की परीक्षा उत्तीर्ण कर जहां गुरुकुल का नाम रोशन किया है। वहीं, अन्य बच्चों को भी इस तरह की परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया है। मौके पर स्टॉफ सदस्यों ने छात्रा को उपहार देकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी। मोक्षिता व उनके अभिभावकों ने आगे की पढ़ाई भी गुरुकुल में ही जारी रखने का निर्णय लिया है। मोक्षिता शर्मा ने कहा कि गुरूकुल के गुरूजनो की मेहनत के कारण ही आज वे इस मुकाम तक पहुंच पाई हैं।

# वक्फ संशोधन विधेयक से जरूरतमंद मुस्लिम समाज के लोगों को मिलेगा लाभ

- हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने लोकसभा व राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक के पास पोने पर सभी को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि लोकसभा व राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक के पास होने से मुस्लिम समाज के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बधाई दी।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि इस वक्फ संशोधन विधेयक के लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में पास होने से मुस्लिम समाज के लोग भी खुश होंगे। क्योंकि इस बिल में वक्फ की जमीन वक्फ के ही नाम रहेगी। वक्फ की जमीन से जो आमदनी होती थी उसकी अब तक बंदर बाट हुई है। मगर अब वह पैसा समाज के हित में लगेगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि विपक्ष भी मान रहा था कि इस बिल का विरोध करके उनसे गलती हुई है। वोट की राजनीति के चलते विपक्ष को इस बिल का विरोध करना पड़ा। उन्होंने कहा कि बिल के पास होने से अब अभी तक लाभ से वंचित रहे मुस्लिम समाज के जरुरतमंद लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बिल को लेकर विपक्ष द्वारा अपने खिसकते वोट को लेकर देश को गुमराह करने का काम किया। मगर हकीकत यह है कि इस बिल का पास होना मुस्लिम समाज और देश हित में है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौदरी व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के जगाधरी में पत्रकारों से वक्फ संशोधन बिल के बारे में बातचीत करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

## यमुनानगर जिले की कार्यकारिणी की गठित

# संजू गुदिंयाना तीसरी बार बने भाकियू(चढ़ूनी) के जिला प्रधान

- यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना व अन्य पदाधिकारियों को पटका पहनाकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के जिला कार्यकर्ताओं की शुक्रवार को जगाधरी अनाज मंडी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने भाग लिया। मौके पर यूनियन की जिला यमुनानगर कार्यकारिणी का गठन किया गया।

यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी की मौजूदगी में संजू गुंदियाना को लगातार तीसरी बार यूनियन का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, सरदार गुरवीर सिंह को जिला महासचिव व मंदीप सिंह रोडछप्पर को डायरेक्टर बनाया गयाहै। जबकि संदीप टोपरा को यूनियन की जिला इकाई का अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह यूनियन की महिला विंग की अध्यक्ष रुपिंद्र कौर व महासचिव रिटा चहल को बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने सभी को पटके पहनाकार पद ग्रहण करवाया और बधाई दी। उन्होने तीसरी बार जिला प्रधान बने संजू गुंदियाना के पिछले कार्यकाल के कार्यों की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि तीसरी बार भी संजू गुंदियाना पिछले दो कार्यकाल की तरह अपना कार्य करेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। नवनिर्वाचित जिला प्रधान संजू गुंदियाना ने तीसरी बार प्रधान बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी व अन्य पदाधिकारियों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वह पूरी निष्ठा से संगठन को मजबूत करने और किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए कार्य करेंगे। मौके पर राम सिंह जत्थेदार, राजकुमार, जसवीर, गुरमेज कपूरी, प्रदेस सचिव हरपाल सुढ़ल, कृष्ण पाल, संजू सरांवा, सतपाल राणा, जगतार सिंह, जोगिंद्र सिंह, सतीश, पवन कुमार, विक्रांत सिसौली, राजीवजीत आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** यमुनानगर में जिला कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पटका पहनाकर पदग्रहण करवाते हुए भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी।

# सीआईए वन पुलिस टीम ने अवैध पिस्टल और जिंदा राउंड के साथ युवक को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव अमादलपुर के पास से एक युवक को अवैध पिस्टल व दो जिंदा राउंड के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार सीआईए वन पुलिस टीम के इंचार्ज वरिंद्र वालिया ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार के साथ गांव अमादलपुर के पास घूम रहा है। सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही याकूब, विपिन व अमित की टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौका पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव नानोता निवासी शिव पांचाल के नाम से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



**यमुनानगर।** यमुनानगर में सीआईए वन पुलिस टीम द्वारा पड़का गया आरोपी ।

**शोभायात्रा** | मां के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा कर श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नतें

## आदिबद्री की पहाड़ियों में स्थित मां मंत्रा देवी के मंदिर से निकाली शोभायात्रा

# मां कालरात्रि हमें अभय प्रदान करती है और जीवन में आगे बढ़ने के लिए करती है प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

चैत्र शुक्लपक्ष के नवरात्र के चलते श्रद्धालुओं ने आदिबद्री स्थित प्राचीन भगवती माता मंत्रा देवी मंदिर के प्रांगण से शोभायात्रा निकाली और मां के सातवें स्वरुप कालरात्रि की पूजा अर्चना की। शोभायात्रा में आकर्षक रुप से मां की पालकी भी सजाई गई। शोभायात्रा मंदिर से शुरु होकर आदिबद्री क्षेत्र से होती हुई अंत में मां मंत्रा देवी के मंदिर में जाकर संपन्न हुई। शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने मां के मंदिरों में पहुंचकर सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की। पंडित रमेश आचार्य ने बताया कि मां दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि शुभदायिनी है। भक्तों का कल्याण करने वाली है। इसे शुभंकरी के नाम से भी जाना जाता है। मां कालरात्रि हमें अभय प्रदान करती है और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देती है।

### मां के जयकारों के साथ शुरू हुई शोभायात्रा

बिलासपुर के आदिबद्री क्षेत्र में ऊंची पहाड़ियों पर स्थित मां मंत्रा देवी के मंदिर से सुबह आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मां मंत्रा देवी के मंदिर से शुरू होकर आदिबद्री की परिक्रमा करने के बाद शाम को मंदिर प्रांगण में जाकर संपन्न हो गई। इस दौरान शोभायात्रा में आकर्षक रुप से सजी मां की पालकी का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। खास बात यह थी कि पालकी के साथ चल रही शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु गगनभेदी मां के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जिससे वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। श्रद्धालु वीरेंद्र कुमार, सतीश कुमार, शोभित व विक्रांत आदि ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष के नवरात्रों में हर वर्ष शोभायात्रा व मां की पालकी निकाली जाती है। पालकी की शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु भाग लेकर मां की कृपा पाते हैं।



खबर संक्षेप

## केवीके द्वारा केंचुआ खाद पर प्रशिक्षण आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** वर्मीकंपोस्ट प्रशिक्षण किसानों को फसल अवशेषों, पशु खाद और रसोई के कचरे जैसे जैविक पदार्थों से उच्च गुणवत्ता वाली खाद बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करता है। यह प्रशिक्षण किसानों को वर्मीकंपोस्टिंग में शामिल जैविक प्रक्रियाओं, उपयोग किए जा सकने वाले कार्बनिक पदार्थों के प्रकारों और कृमि गतिविधि के लिए इष्टतम स्थितियों को समझने में मदद करता है। रासायनिक कीटनाशकों के बुरे प्रभाव के चलते खेती में जैविक खाद उपयोग बढ़ा है।

## नागरिक अस्पताल में भोजन वितरण



**कुरुक्षेत्र।** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में भोजन वितरण किया गया। प्रतिदिन की भांति नागरिक अस्पताल में रुग्ण और उनके परिजनों को एवं जरूरतमंदों को भोजन में रोटी सब्जी और चावल का वितरण किया गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, महासचिव कर्म चंद और रमेश भोजन बनाकर अस्पताल पहुंचे और भोजन सामग्री वितरित की। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक का मुख्य कार्य भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, ऋतू अनुसार वस्त्र वितरण, पैरों के लिए चप्पल और जूते, स्वच्छता के लिए नहाने का साबुन, ब्रश, पेस्ट, फल और मिठाइयां वितरण करना है।

### खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री ने लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की ली बैठक

# 14 शिकायतों का किया निपटारा, शहर में अतिक्रमण करने वालों की खैर नहीं

- शहर में नाले की सफाई व्यवस्था करवाने के लिए रैम्प तोड़ने के दिए आदेश
- शिकायत के बावजूद लापरवाही बरतने वाले शाहबाद थाना के एसएचओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** शिकायतों को सुनकर उनका निवारण करते राज्यमंत्री राजेश नागर। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि गांव यारा में केशव के परिजनों की मृत्यु के बाद रिश्तेदारों द्वारा डराने, धमकाने, नकदी जेवरात हथियाने के मामले में आरोपियों तथा मामले में शिकायत के बावजूद लापरवाही बरतने वाले शाहबाद थाना के एसएचओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए गए है। इसके बाद इस मामले की जांच सीआईए-टू करेगी। इसके अलावा एसडीएम शाहबाद और एएसपी भी इस मामले में विशेष जांच करेंगे। अहम पहलू यह है कि राज्यमंत्री ने केशव की सुरक्षा के लिए कुछ समय के लिए पुलिस कर्मी उपलब्ध करवाने के आदेश भी दिए है। राज्यमंत्री राजेश नागर शुक्रवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस बैठक में राज्य मंत्री ने 5 पुरानी शिकायतों में से 3 शिकायतें और 12 नई शिकायतों में 11 शिकायतों का मौके पर समाधान किया। इस प्रकार कुल 17 में से 14 शिकायतों का निपटारा किया गया है। राज्यमंत्री ने यारा निवासी केशव की शिकायत पर सुनवाई करते हुए कहा कि किसी से भी डरने की जरूरत नहीं है, अगर कोई व्यक्ति धमकी या डराता है तो उनके मोबाइल पर सीधा सम्पर्क कर सकता है। इस हाउस में राज्यमंत्री ने केशव को अपना मोबाइल नंबर भी उपलब्ध करवाया है। गांव बारना निवासी बतेरी देवी की शिकायत के मामले में कोर्ट के फैसले के बाद निर्णय लेने के निर्देश दिए है। राज्यमंत्री ने सेक्टर 3 निवासी प्रेमचंद, लालू कॉलोनी निवासी, कसीथल निवासी जगमोहन व ओमप्रकाश, सिरसला निवासी बलवान, धुराला निवासी सीता देवी की शिकायत को भी सुना और समाधान किया। राज्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अगर कोई भी अधिकारी बिना सूचना दिए मीटिंग में नहीं पहुंचेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इस बैठक में विधायक अशोक अरोड़ा ने शहर में डंपिंग स्थल, एलएनजेपी अस्पताल में मरीजों के कमरों से कार्यालय हटाने व पीने के लिए स्वच्छ पानी के विषयों को भी रखा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शहर में लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई है और आने वाले कुछ समय में शहर में 125 करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रदेश सरकार की तरफ से करवाएं जाएंगे। इस बैठक का संचालन उपायुक्त नेहा सिंह ने किया।

इस मौके पर चेयरमैन जयसिंह पाल, एडीसी सोनू भट्ट, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, एएसपी मनप्रीत सिंह सूदन सहित अन्य अधिकारीगण व अन्य लोग उपस्थित थे। राज्यमंत्री राजेश नागर ने अमित शर्मा की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नगर परिषद के अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि शहर के अंदरूनी इलाके में नालों की निरंतर सफाई की जाए और अगर जरूरत पड़े तो रैम्प को भी तोड़ा जाए।

### मैं क्यों मार दिया

बैठक में सिरसला निवासी बलवान ने राज्यमंत्री को बताया कि उसका डेथ सर्टिफिकेट जारी कर दिया था। नागर ने जब इस बारे में स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी से पूछा तो उन्होंने बताया कि विभाग ने सर्टिफिकेट पहले ही रद कर दिया। इस अवसर पर बलवान ने कहा कि मैं क्यों मार दिया। कार्रवाई की मांग की।

### खंभा लगाने के लिए मिलेगी मदद

राज्यमंत्री के समक्ष गांव चढुनी निवासी रेखा ने खंबा लगाने के लिए बिजली विभाग की तरफ से भेजे गए 87 हजार के नोटिस पर अपील करते हुए कहा कि इतनी राशि देने में असमर्थ है और इस राशि को माफ किया जाए। इस शिकायत पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने भी पक्ष रखा और विधायक अशोक अरोड़ा ने हाउस के समक्ष कहा कि 40 हजार राशि की सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। राज्यमंत्री ने बिजली विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए कि प्रार्थी की हर संभव मदद की जाए।

### 1,59,400 रुपये का चेक सौंपा

राज्यमंत्री राजेश नागर के समक्ष गांव बुहावी निवासी शुभम ने 29 जून 2023 को पिता की मृत्यु पर डाक विभाग द्वारा बीमा पॉलिसी के आधार पर क्लेम नहीं दिया। इस शिकायत पर डाक विभाग की तरफ से पहुंचे अधिकारियों ने अपना पक्ष रखा और प्रार्थी के क्लेम के रूप में 1 लाख 59 हजार 400 रुपए का चैक लाने की बात कही। इस विषय पर राज्यमंत्री ने उपायुक्त नेहा के माध्यम से शिकायतकर्ता शुभम को क्लेम की राशि का चैक सुपुर्द करवाया।

### पेंशन धारकों को नहीं आनी चाहिए परेशानी

राज्यमंत्री राजेश नागर ने अमीन निवासी सरला देवी, गांव गुढा निवासी रोशन लाल की शिकायत पर कड़ा संज्ञान लिया और एडीसी को दोनों केसों में जल्द से जल्द दोनों पेंशन की औपचारिकताओं को पूरा करवाने के बाद पेंशन शुरू करवाने के आदेश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि पेंशन धारकों के साथ ठीक व्यवाहर किया जाए और प्रार्थी को किसी प्रकार की दिक्कत भी नहीं आनी चाहिए।



## गीता निकेतन के छात्र भूविक ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक वीडियो पुरस्कार

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय बाल शैक्षिक की कंटेंट प्रतियोगिता में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के कक्षा 7 के छात्र भूविक ने मिडिल स्कूल लर्नर्स के लिए सर्वश्रेष्ठ वीडियो कार्यक्रम का पुरस्कार जीता। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता सीआईईटी, एनसीईआरटी द्वारा 26 से 28 मार्च 2025 तक उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, शिलांग, मेघालय में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षा में रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देना था, जिसमें देशभर से 700 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं। भूविक ने वीडियो श्रेणी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और उनकी प्रस्तुति को बेहतरीन आंका गया। इस उपलब्धि के लिए भुविक को 20,000 रुपये की छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया, जो उसके उज्जवल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरणा है। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के लिए यह एक गर्व का क्षण है। विजयी प्रविष्टियों का प्रसारण प्रधानमंत्री ई-विद्या चैनल पर किया जाएगा, जो शिक्षा मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण डिजिटल शिक्षा पहल है।




## गांव थाना के निकट बने टोल प्लाजा को हटवाने के लिए सांसद ने मंत्री को लिखा पत्र

**पिहोवा।** सांसद नवीन जिंदल ने अंबाला हिसार हाइवे पर गांव थाना के निकट बने टोल प्लाजा को यहां से हटाने की मांग को लेकर केंद्रीय सडक एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि मार्च 2022 में संसद सत्र के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की थी कि 60 किलोमीटर के दायरे में केवल एक ही टोल प्लाजा रहेगा। यदि निर्धारित रेंज में दूसरा टोल प्लाजा होगा तो उसे यहां से हटाया जाएगा। लेकिन अंबाला हिसार रोड पर गांव थाना के निकट और इस्माईलाबाद से आगे गांव सैनी माजरा के निकट दो टोल पड़ते हैं। दोनों की आपस में दूरी 45 किलोमीटर से भी कम है।

*362 मार्गों पर 3658 प्राइवेट बस परमिट देने की योजना को वापस लेने की मांग*

## रोडवेज कर्मियों ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मार्चा के बैनर तले भूख हड़ताल पर बैठे रोडवेज कर्मियों ने शुक्रवार को मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि सरकार द्वारा 7 मार्च 2025 को जारी अधिसूचना के तहत 362 मार्गों पर 3658 प्राइवेट बस परमिट देने की प्रस्तावित योजना को वापिस लेकर प्रदेश की जनसंख्या आधार पर सरकारी बसों का बेड़ा बढ़ाया जाए। किलोमीटर स्कीम ठेका आधार की पॉलिसी को वापिस लिया जाए, घाटे का सौदा इलेक्ट्रॉनिक किलोमीटर स्किम की ठेका आधार की बस पॉलिसी को बंद करके सरकार विभाग में सरकारी इलेक्ट्रॉनिक बसे रोड़वेज बेड़े में शामिल करें। निजिकरण पर पूर्ण रोक लगाई जाए। परिचालक, चालक, लिपिको के वेतनमानों की वेतन विसंगतियों दूर करके योग्यता एवम अनुभव व काम के आधार पर ग्रेड पे बढ़ाया जाए। चालक, परिचालकों से आठ घण्टे की ड्यूटी ली जाए। 8 घण्टे से ज्यादा ड्यूटी का ओवर टाइम दिया जाए।

## श्रीमद्भागवत महापुराण सभी पुराणों में दुर्लभ:अनिल शास्त्री

**थानेसर।** श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक क्लब में श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर संस्था अध्यक्ष कथावाचक अनिल शास्त्री के द्वारा त्रिशक्ति धाम में प्रभु की भक्ति और मानव के उद्धार प्रसंग का उल्लेख किया। कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा एक समय की बात है, नैमिषारण्य तीर्थ में शौनकादिक 88 हजार ऋषियों ने पुराणवेत्ता सूतजी से पूछा- हे सूतजी, इस कलियुग में वेद-विद्यारहित मनुष्यों को प्रभु भक्ति किस प्रकार मिलेगी तथा उनका उद्धार कैसे होगा। सर्वशास्त्र ज्ञाता श्री सूतजी ने कहा हे वैष्णवों में पूज्य! आप सबने प्राणियों के हित की बात पूछी है। अब मैं उस श्रेष्ठ व्रत को आपसे कहूंगा, जिसे नारदजी के पूछने पर लक्ष्मीनारायण भगवान ने उन्हें बताया था। एक समय देवर्षि नारदजी दूसरों के हित की इच्छा से सभी लोकों में घूमते हुए मृत्युलोक में आ पहुंचे।



## भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों से भर जाएगा नया जोश: वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भाजपा के कला और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी छह अप्रैल को अपना 45वां स्थापना दिवस मनाएगी। विभिन्न कार्यक्रमों में पदाधिकारियों और कार्यकतार्ओं की बड़ी संख्या में भागीदारी कार्यकतार्ओं में नए उत्साह का संचार करेगी। जिला संयोजक अनिल वर्मा ने कहा कि भारत की जनता को विशुद्ध हिंदुत्व और राष्ट्रवादी नेतृत्व देने के उद्देश्य से 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी अस्तित्व में आई थी। भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पार्टी के प्रथम अध्यक्ष बने थे। उस समय एक पौधे के रूप में अंकुरित संस्कारवान पार्टी आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप लेकर विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनने का गौरव हासिल कर चुकी है। अनिल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार नित नए आयाम स्थापित कर रही है।


भाजपा के कला और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र गोल्डी के साथ।

## सिख गुरु हमें सेवा, करुणा-सद्भावना सिखाते हैं: प्रो. सोमनाथ सचदेवा

- केयू में गुरु पर्व उत्सव पर अखंड पाठ व गुरु का लंगर आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** गुरुद्वारा साहिब पहली पातशाही में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंडिपेंडेंट स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और समस्त संगत के सहयोग से 52वां गुरुपर्व सिख संगत द्वारा बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि सिख गुरु हमें सेवा, करुणा और सद्भावना सिखाते हैं इसलिए गुरुओं के दिखाए सच्चे रास्ते पर चलकर ही मनुष्य जीवन सफल हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह पावन दिवस सिख धर्म में अत्यंत महत्व रखता है और इसे गुरु साहिबानों के जीवन, शिक्षाओं और बलिदानों को स्मरण करने व उनसे प्रेरणा लेने के अवसर के रूप में मनाया जाता है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की।



## नन्हे बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी जरूरी : ब्रह्मचारी

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के अनुसार शिक्षा का अंतिम लक्ष्य सुंदर चरित्र एवं संस्कार हैं। शिक्षा मनुष्य के व्यक्तित्व के सभी पहलुओं का पूर्ण और संतुलित विकास करती है। देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने आधुनिक शिक्षा के संस्कारों एवं चरित्र पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों में सांसारिक और आध्यात्मिक शिक्षा दोनों की नितांत आवश्यकता है। क्योंकि शिक्षा हमें जीविका देती है और संस्कार जीवन को मूल्यवान बनाते हैं। शिक्षा में ही संस्कार का समावेश है। अगर हम अपने बच्चों में भारतीय संस्कृति, भारतीय परम्पराएं, भाईचारा, एकता आदि का बीजारोपण करते हैं तो उनमें खुद-ब-खुद संस्कार आ जाते हैं जिसकी जिम्मेदारी माता-पिता, परिवार और शिक्षक की होती है। श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र के निवारसी में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त विशाल भवन के साथ डीएसबी इंटरनैशनल स्कूल के नए शिक्षा सत्र की शुरूआत 8 अप्रैल को विधिवत तरीके से हो रही है।

## सांसद जिन्दल का प्रयास है युवाओं को नवसंचार तकनीक से जोड़ना

**कुरुक्षेत्र।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन से जुड़े सहयोगी युवाओं की बैठक सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें संसदीय क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के प्रचार प्रसार को लेकर रणनीति तय की गई। इस मौके पर धर्मवीर सिंह ने कहा कि योजनाओं के प्रचार प्रसार में युवा शक्ति की अहम भूमिका है। कम्युनिकेशन माध्यम से युवा इस कदर जुड़े हैं कि कुछ ही पलों में सूचना देश-विदेश तक पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का प्रयास है कि अधिक से अधिक युवा संचार के विभिन्न माध्यमों से युक्त होकर सरकार के विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाएं। इसके साथ-साथ अपने आसपास की समस्याओं को भी यह युवा सांसद कार्यालय के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से रख सकते हैं जिन्हें सरकार व प्रशासन से दूर करवाने का प्रयास कार्यालय की ओर से सदैव किया जाएगा।



## पुराने कलेक्टर रेट के आधार पर हो रहे भूमि के पंजीकरण: परमजीत सिंह

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। नायब तहसीलदार परमजीत सिंह ने कहा है कि पुराने कलेक्टर रेट के आधार पर ही भूमि से संबंधित पंजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी कलेक्टर रेट नहीं बढ़ाए गए हैं। पुराने कलेक्टर रेटों के आधार पर ही ई दिशा केंद्र में पंजीकरण करने का काम किया जा रहा है। वे वीरवार को न्यू लघु सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नए कलेक्टर बढ़ाने को लेकर लोगों में तरह-तरह की भ्रांतियां थी, लेकिन इस बार कोई भी कलेक्टर रेट नहीं बढ़ाए गए हैं। पुराने कलेक्टर रेटों के आधार पर ही भूमि से संबंधित जमीनों के खरीद फरोख्त का काम जारी है। उन्होंने कहा कि शहर के अंसल सिटी, जिंदल सिटी, फ्लावर सिटी, लोटस ग्रीन में मामूली कलेक्टर रेट बढाए गए हैं। भूमि मालिक किसी बहकावे में ना आएं बल्कि वे सीधे तौर पर तहसील कार्यालय में आकर भूमि से संबंधित कार्य पुराने रेट पर आधार पर ही करवा सकते हैं।


पत्रकारों से बातचीत करते नायब तहसीलदार परमजीत सिंह।



## आपत्तिजनक बयान पर हिन्दू संगठनों ने फूंका सपा सांसद रामजी सुमन का पुतला

**कुरुक्षेत्र।** सम्राट राणा सांगा के विरोध में आपत्तिजनक बयान देने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, अन्य हिंदू संगठनों व सभी धर्मशालाओं की ओर से एक रोष प्रदर्शन निकाला गया व जिला उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मांग की गई की समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी सुमन के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए व देशद्रोही का मुकदमा दर्ज किया जाए। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के सांसद के खिलाफ जमकर रोष प्रकट किया गया व उसका पुतला फूंका गया। इससे पहले मोहन नगर चौक से जिला उपायुक्त के कार्यालय तक सैकड़ो की संख्या में समाज के सभी बिरादरियों के गणमान्य व्यक्तियों के नेतृत्व में एक जुलूस की शक्ल में रोष प्रकट करते हुए जिला उपायुक्त के कार्यालय पहुंचे। जहां पुतला फूंका व ज्ञापन सौंपा। स्वामी हरिओम दास परिव्राजक, संत दिव्यानंद, संत वासुदेवानंद व संत विशाल मणि के साथ-साथ विश्व हिंदू परिषद व अन्य हिन्दू संगठनों के लोग मौजूद रहे।

**धर्म कर्म** दक्षिणा काली पीठ में मां के दर्शन के लिए लगी रही लाइनें

# श्रद्धालुओं ने मां के सातवें स्वरूप काल रात्रि की पूजा-अर्चना कर मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

श्री दक्षिणा काली पीठ मॉडल टाउन में नवरात्र महोत्सव पर बड़ी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है आज इसी कड़ी में मां के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि के दिवस पर मां काली की पूजा अर्चना की गई। यह जानकारी देते हुए स्वामी खटवांग पुरी ने बताया कि श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज की अध्यक्षता में चल रहे नवरात्रि महोत्सव में आज महाकाल रात्रि की पूजा अर्चना, पाठ एवं आरती की गई।

आज सातवें दिन मुख्य यजमान के रूप में गोहाना से बलवान शर्मा ने विशेष रूप से पूजा अर्चना की। जानकारी देते हुए पीठ के श्रीमहंत बंसी पुरी ने बताया कि कालरात्रि, मां दुर्गा का काला रूप, अज्ञानता और नकारात्मकता को नष्ट करती हैं। मां कालरात्रि अंधकार पर विजय पाने और परिवर्तन को अपनाने की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। कालरात्रि सभी बुरी शक्तियों का नाश करती हैं और अपने भक्तों की रक्षा करती हैं। मां कालरात्रि को देवी काली का रूप भी माना जाता है।

अंत में मां कालरात्रि की आरती की गई। जिसमें मंदिर सभी ब्राह्मण, सेवादार सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए और सभी को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर स्वामी खटवांग पुरी, स्वामी आशुतोष पुरी, विपिन काहड़ा, बलदेव गर्ग, विजेंद्र शर्मा, गौरव शर्मा, कपिल, विमल शर्मा, गुरप्रीत,गणेश, मिलन, विकास शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।


**कुरुक्षेत्र।** मां काली का दरबार व जानकारी देते महंत बंसी पुरी महाराज।

### भद्रकाली मंदिर में मां कालरात्रि की पूजा



**कुरुक्षेत्र।** चैत्र नवरात्र का सातवां दिन मां भद्रकाली मंदिर में मां कालरात्रि की पूजा से शुरू किया गया। पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने बताया कि भक्तों का हमेशा कल्याण करने के कारण ही मां कालरात्रि को शुभंकरी भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि माँ कालरात्रि जी व्यक्ति के सर्वोच्च चक्र सहस्रार को नियंत्रित करती हैं। सुबह मंदिर के कपाट खुलते ही, मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने आरती में मुख्य रूप में मां को प्रिय गुड़ का भोग लगाया और नवपत्रिका पूजा की गई जिसमें 9 तरह के पेड़ पौधों जिसमें तुलसी ,आम ,पान, पीपल ,अनार ,बढ़, निंबू , नीम और कमल से मिलाकर बनाए गए गुच्छे से मां दुर्गा , मां भद्रकाली और मां कालरात्रि जी का आह्वान किया गया। पीठाध्यक्ष ने आगे बताया कि देश में नवरात्रि के सातवें दिन से महापूजा शुरू होती है इसलिए इसे महासप्तमी भी कहा जाता है। आज मंगला आरती के मुख्य अतिथि देवेंद्र गर्ग हाबड़ी वाले रहे । मंगला आरती के पश्चात मंदिर में प्रातः 10 बजे मनोकामना पूर्ण हवन यज्ञ किया गया जिसमें मुख्य यजमान के रूप में एस. के गोयल ने सपरिवार शिरकत की। हवन में सर्वप्रथम सभी देवी-देवताओं का आह्वान किया गया और हवन कुंड में आम की लकड़ी पर अग्नि प्रज्ज्वलित की गई।

### 11 देशों के फूलों से सजा मंदिर

मंदिर में 11 देशों के पुष्प- फल इत्यादि सज्जा का सामान भी दोबारा से मंदिर में पहुंच चुका है और मंदिर को एक बार फिर से एमिल पुष्प श्रृंगार की टीम द्वारा दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। पुष्प डिजाइन में धार्मिक महत्त्व के प्रतीक बनाए जाएंगे। गौरतलब है कि एमिल पुष्प श्रृंगार की टीम में कलकत्ता व मुम्बई के कारीगर शामिल है और ये वैष्णों देवी भवन के साथ साथ देश के प्रमुख मंदिरों में भी पुष्प सज्जा करते है और बॉलीवुड फिल्मों में भी सजावट करते है। श्रीदुर्गाष्टमी पर विशेष पान के पत्तों से माँ के मुख्य भवन की सजावट की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## नायब तहसीलदार ने सुनी लोगों की समस्याएं

**नारायणगढ़।** जिला एवं उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों पर वर्चुअल माध्यम से सीएम एवं उनके कार्यालय द्वारा नजर रखी जा रही है। समाधान शिविर प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे है। उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाला समाधान शिविर प्रत्येक कार्यदिवस में लघु सचिवालय के कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान कर दिया।

## काठ के तालाब की स्थिति का आंकलन किया

**नारायणगढ़।** हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीडबल्यूडबल्यूएमए) के अध्यक्ष (पीएसी) के प्रधान सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा ने एचपीडबल्यूडबल्यूएमए की टीम के साथ गांव मिर्जापुर काठ के तालाब की स्थिति का आंकलन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों के साथ बातचीत की। इसके रखरखाव में सुधार के तरीकों पर चर्चा की और चल रहे संरक्षण प्रयासों पर उनके इनपुट मांगे। एचपीडब्ल्यूडब्ल्यूएमए की यह पहल तालाबों को पुनर्जीवित करने और जल-सुरक्षित भविष्य के लिए समुदाय-संचालित संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

## रेडिनेस मेले का किया आयोजन

**शहजादपुर।** गांव शहजादपुर, पतरेहड़ी, भूडमाजरी, सलोला, बिचपडी, धनाना, बेरपुरा में स्कूल रेडिनेस मेला का आयोजन महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मिक्षा रंगा के मार्गदर्शन से किया गया। स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम बच्चों को स्कूल के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद करने का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम बच्चों को शारीरिक, सामाजिक, भावनात्मक और बौद्धिक रूप से विकसित करने में मदद करता है।

## समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान हो

**अंबाला।** मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे अंबाला मे जिलास्तर एवं उपमंडल स्तर पर निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें विभिन्न विभागों के अधिकारी बैठ कर लोगो की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाते है। इसी कड़ी मे शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे समाधान शिविर आयोजित किया गया जिसमें अपनी समस्याएं एवं शिकायतों को लेकर पंहुचे प्रार्थियों की समस्याएं सुनी गई।

## किसानों को मिलेगा अनुदानः जसविन्द्र

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक जसविन्द्र सिंह सैनी ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा जिला अम्बाला मे फसल विविधीकरण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत भूमि की उर्वकता बनाए रखने व हरी खाद को बढ़ावा देने के लिए उंचा के प्रर्दशन प्लाटो का आयोजन किया ज़ाना है। इसके लिए जिला में 2160 क्विंटल ढैंचे का बीज 80 प्रतिशत अनुदान पर दिया जा रहा है। एक एकड़ हेतू 12 किलोग्राम बीज व एक किसान अधिकतम 10 एकड़ तक लाभ प्राप्त कर सकता है।

## सडक़ हादसे में एक युवक की मौत

**बराड़ा।** बुहावा-उगाला रोड़ पर हुए एक सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव बुहावा निवासी असलम खान (25) के रूप में हुई। यह घटना 1 अप्रैल 2025 को हुई, जब असलम खान अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव उगाला से जा रहे थे। इस समय उनके साथ उनका चाचा मलखान भी था, जो घटना के समय अपनी मोटरसाइकिल पर असलम के पीछे था। बताया जा रहा है कि मृतक असलम जब अपनी दुकान बंद कर उगाला से लौट रहा था। इसी समय एक अन्य युवक ने उनसे लिफ्ट ली।

### लोक निर्माण मंत्री की अध्यक्षता में जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मीटिंग में आई शिकायत

# गुरु नानक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के ट्रस्टियों पर करोड़ों के गबन का आरोप, मंत्री ने एसपी को जांच के आदेश दिए

कांग्रेस ने मंत्री के साथ पूर्व मंत्री के भाई द्वारा मंच सांझा करने पर जताई कडी आपत्ति, गुंडागर्दी से अफसरों को नीचा दिखाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला





**अंबाला।** समिति की मीटिंग के दौरान मंत्री रणवीर गंगवा व शिकायतें सुनाते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडक़ें) मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने शुक्रवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने एजेंडे में रखी 12 शिकायतों को सुनकर आठ का मौके पर ही समाधान कर दिया। चार शिकायतों पर अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उधर मीटिंग के दौरान मंत्री के साथ पूर्व मंत्री के भाई द्वारा मंच सांझा करने पर कांग्रेस हमलावर हो गई। कांग्रेसी नेताओं का आरोप है कि हार के बावजूद पूर्व मंत्री के भाई मंत्री रणवीर गंगवा के सामने लोगों की समस्याएं सुनकर समिति का मजाक बना रहे हैं। इस मौके पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक व लोक निर्माण (भवन व सडक़ें) विभाग के मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एतिहासिक फैसले लेने का काम किया जा रहा है। उन्होंने वक्फ बोर्ड में संशोधन बिल के पास होने पर खुशी जताई। कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री जी ने मुस्लिम बहनों की तीन तलाक से आजादी दिलाने का काम किया उसी तरह से वक्फ (संशोधन) विधेयक और मुस्लमान वक्फ (निरसन) विधेयक तमाम दबे, पिछड़े मुस्लिम भाई-बहनों के कल्याण के लिए एक बहुत बड़ी पहल है। हिसार में एयरपोर्ट की दीवार को लेकर पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि यह दीवार डिजाइन अनुरूप विभाग के इंजिनियर की देखरेख में पिलर पर बनाई गई है। उसे एयरपोर्ट ऑर्थोरिटी ने स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता रणदीप सूरजेवाला को इस तरह के ब्यान देने से पहले तथ्यों को अपडेट करना चाहिए।

### कांग्रेस ने मीटिंग को लेकर उठाए सवाल

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में पूर्व मंत्री असीम गोयल के भाई रितेश गोयल के मंच सांझा करने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पूर्व मंत्री असीम गोयल के भाई रितेश गोयल ने मंत्री रणबीर गंगवा व एसपी,डीसी व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मंच पर कब्जा कर मंत्री की बगल में बैठकर खुद लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। कांग्रेस सेवादल के शहरी उप प्रधान हरजीत सिंह बब्बल ने कहा कि जो बैठक में जो हुआ वह गैर कानूनी,असंवैधानिक है। यह चेयरमैन एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का भी अपमान है। नायब सैनी सरकार को अब हारे हुए विधायक व उनके प्रतिनिधि चला रहे हैं। बब्बल ने कहा कि सरकारें कांग्रेस की भी रही लेकिन पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों ने अनुशासनहीनता व असंवैधानिक तरीके से सरकारी बैठकों में घुसपैठ नहीं की। उन्होंने सवाल उठाया कि पूर्व विधायक असीम गोयल के प्रतिनिधि व उनके भाई रितेश गोयल किस हैसियत से मंत्री के साथ मंच पर मौजूद थे। किसने गंगवा के साथ रितेश को बैठने की इजाजत दी।

### इन शिकायतों पर हुई सुनवाई

मंत्री के सामने रतनहेड़ी गांव की निर्मला देवी ने शिकायत दी कि उसने एक प्लाट 4 लाख 80 हजार रुपये में खरीदा था। जिस व्यक्ति से उसने प्लाट खरीदा था उसने उसे किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दिया है। उसे न तो प्लाट दिया गया और न ही पेमैंट दी गई है। इस शिकायत पर मंत्री रणबीर गंगवा ने पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए कि आरोपी के खिलाफ मजबूती से पैरवी करें। तलहेड़ी रांगड़ान गांव के रहने वाले गुरदीप सिंह ने अपनी शिकायत में कहा कि पूर्व सरपंच द्वारा वाल्मिकी चौपाल के निर्माण के लिए 4 लाख रुपये की राशि हड़प कर ली गई है। इस शिकायत पर मंत्री ने कहा कि जिसने भी इस मामले में पैसे निकालने में गबन किया है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए डेयरी यूनियन से जुड़े नितिन सभ्रवाल व अन्य ने कहा कि डेयरी कांप्लेक्स खतौली के अंदर गंदे पानी की निकासी का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। नगर निगम के एमई राज कुमार ने बताया कि पानी निकासी के स्थाई समाधान के लिए आईपीएस प्रोजेक्ट का निर्माण किया जा रहा है। पानी निकासी की समस्या के अस्थाई समाधान के लिए यहां मोटर भी लगाई गई है। बकनौर के जसबीर सिंह ने प्रदूषण संबंधी शिकायत रखते कहा कि उसके घर के पास आबादी में एक आटा चक्की व मिनी सैलर लगा हुआ है। इसके प्रदूषण से उन्हें काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत को आगामी बैठक में निपटान के लिए पेंडिग रखा गया है। ओम वेलफेयर सोसायटी हिसार के पुनीत गोयल ने शिकायत में कहा कि त्रिलोचन सिंह, कमलजीत कौर व अन्य जोकि गुरु नानक ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट मुलाना में ट्रस्टी हैं। उन्होंने अपनी ट्रस्ट की देनदारियों के लिए उनकी सोसायटी से जुड़े थे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन लोगों ने एक एमयू कर सोसायटी में 11 करोड 50 लाख का गबन किया है। इस मामले में मंत्री ने एसपी को जांच के आदेश दिए हैं। वशिष्ट नगर के आरसी गुप्ता ने रैंप व पुलिया टूटे होने की शिकायत समिति के सामने रखी। गांव खुर्चनपुर के गुरमीत सिंह की खेतों में लगे ट्यूबवेल का आसमानी बिजली के कारण खराब होने के शिकायत रखी। मौके पर ही उसका समाधान कर दिया गया। निर्मल कांप्लेक्स बब्याल के जगजीत सिंह की पाइप लाइन टूटी होने की शिकायत की। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की मधु खोसला ने बताया कि उसके घर के पास व्यक्ति ने फैक्टरी लगाई है। उसके चलते उसकी घर की दीवार व पेंट खराब हो गया है। इस मामले में नगर निगम संयुक्त आयुक्त ने बताया कि मौके का मुआयना किया गया था।

# ज्योति अव्वल, कनिका द्वितीय

- संत मोहन सिंह खालसा लबाना महिला कॉलेज में फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा



**बराड़ा।** प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते कॉलेज स्टॉफ।

संत मोहन सिंह खालसा लबाना महिला कॉलेज में शुक्रवार को जनसंचार विभाग द्वारा विज्ञापन एवं छायाचित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. इंदु विज के निर्देशन में तथा जनसंचार विभाग की समन्वयक डॉ. दलजीत कौर और इंचार्ज ज्योति पूनिया की देखरेख में संपन्न हुआ। विज ने फोटोग्राफी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल क्षणों को कैद करने का साधन ही नहीं बल्कि इतिहास को दस्तावेज़ित करने और कलात्मक अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने विज्ञापन के प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि विज्ञापन के माध्यम से बाजार वैश्विक हो रहा है और यह उत्पादों की बिक्री में वृद्धि करने के साथ-साथ ग्राहकों को उपयोगी जानकारी देकर उन्हें आकर्षित भी करता है।

कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. दलजीत कौर ने कहा कि तस्वीरें अतीत को संजोने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। यह भावनाओं और कहानियों को जीवंत बनाए रखती हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रितु चांदना, डॉ. सुषमा, डॉ. नवनीत कौर, डॉ. पूजा बैरागी और रितु गुप्ता ने निभाई। बेस्ट फोटोग्राफी प्रतियोगिता में ज्योति को प्रथम स्थान, कनिका को द्वितीय स्थान और सहनेल एवं भूमिका को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# सैनी भवन में कल होगा बैठक का आयोजन

- सैनी सर्कल सभा की कार्यकारिणी का नए सिरे से होगा गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** मीटिंग के दौरान मौजूद सैनी सभा के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

अंबाला सैनी सर्कल सभा की कार्यकारिणी का अगले 2 वर्षो के लिए दोबारा गठन किया जाएगा। बता दें कि शुक्रवार को अंबाला सैनी भवन में सभा के प्रधान सतीश सैनी की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजित की गई। सतीश सैनी ने बताया कि अंबाला सैनी सर्कल सभा की जिला कार्यकारिणी का पुनः गठन 6 अप्रैल को अंबाला शहर सैनी भवन में सैनी समाज के सदस्यों की मौजूदगी में किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया सैनी सभा के संरक्षकों के नेतृत्व में की जाएगी। यहां बीते वर्षों की भांति सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का पुनः गठन किया जाएगा। प्रधान ने बताया कि सभा के 6 संरक्षक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चयन करती है। इन 6 संरक्षकों में 3 संरक्षक नए नियुक्त किए गए हैं। इनमें पूर्व प्रधान ठाकुर सिंह, बलबीर सिंह जोधपुर व बलबीर सिंह फौजी शामिल हैं। इन तीनों संरक्षकों को बीते अक्टूबर माह में संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई थी। पहले जिम्मेदारी की भूमिका निभा रहे 3 संरक्षकों में चौधरी शमशेर सिंह व चौधरी शीतल सिंह का देहांत हो गया था। अन्य संरक्षक रूपराज कुरुक्षेत्र ने अपनी संरक्षक की जिम्मेदारी किसी अन्य को देने की अपील की थी।

### सभी सभा में पहुंचे

मौके पर सभा के प्रधान सतीश सैनी व सचिव सर्वजीत सैनी ने बताया कि वर्ष 1940 में अंबाला सैनी सर्कल सभा का गठन किया गया था। अंबाला सैनी सर्कल सभा की प्राचीन परंपरा के अनुसार ही कार्यकारिणी का गठन होगा। प्रधान ने बताया कि बीते 85 वर्षों से सभा की कार्यकारिणी का पुनः गठन करने के लिए कोई चुनाव नहीं किया गया। समाज के सभी लोगों की सर्वसम्मति से ही कार्यकारिणी का चयन किया जाता है। सैनी ने सभी सदस्यों से आह्वान किया कि वह आगामी 6 अप्रैल को अंबाला सैनी सर्कल सभा पहुंचे।

# बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी पर कांग्रेस हमलावर

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन बोले ईश्वर से भी खिराज वसूलेगी सरकार, फैसले से सरकार ने जनता की कमर तोड़ने का किया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

बिजली की दरों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी को लेकर राज्य सरकार पर कांग्रेस हमलावर हो गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने बिजली की दरों में इजाफा करने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा कि खुद को जनता का सेवक बताने वाले मुख्यमंत्री ने अपने इस जनविरोधी फैसले से प्रदेश की जनता की कमर तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जनता के विकास का दावा करने वाली राज्य सरकार ने जनता के साथ विश्वासघात किया है। जैन का आरोप है कि सरकार ने इस फैसले से जनता की जेब पर 5000 करोड़ रुपये का डाका डालने का काम किया है।

### तीन माह में 67 पैसे की मार

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रोहित जैन ने कहा कि नायब सैनी की सरकर ने जनता को लूटने का नया इतिहास रचा। पहले 16 जनवरी 2025 को फ्यूल सरचार्ज के नाम पर 47 पैसे प्रति यूनिट का बोझ डाला गया। अब 1 अप्रैल 2025 से बिजली दरों में बेलगाम बढ़ोतरी कर जनता के समर्थन पर चोट मारी है। तीन महीनों में 67 पैसे प्रति यूनिट की लूट पर परिवार की जेब पर पड़ेगी। जैन ने कहा कि हर वर्ग पर इस फैसले का कहर जनता को बर्बाद करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि एक पंखा और दो दीये वाले घरों पर 2 किलोवाट भार के लिए 0-100 यूनिट तक 20 पैसे प्रति यूनिट का भार पड़ेगा। 5 किलोवाट भार पर 0-150 यूनिट तक 20 पैसे, 301-500 यूनिट तक 15 पैसे प्रति यूनिट और 500 यूनिट से ऊपर 250 रुपये मासिक अतिरिक्त शुल्क की वसूली सरकार करेगी। कर। इसी तरह 6 किलोवाट भार पर 0-500 यूनिट तक 6.50 रुपये प्रति यूनिट और 450 रुपये नियत शुल्क, 501-1000 यूनिट पर 7.15 रुपये प्रति यूनिट और 1000 यूनिट से ज़्यादा पर 7.50 रुपये प्रति यूनिट का बोझ जनता पर पड़ेगा।

### शुल्क लाद दिया



*रोहित जैन ने तल्खी से कहा कि भाजपा ने मंदिरों को भी नहीं छोड़ा। 5 किलोवाट से अधिक भार वाले मंदिरों पर 6.50 रुपये प्रति यूनिट और 75 रुपये प्रति किलोवाट नियत शुल्क लाद दिया गया। "यह सरकार ईश्वर से भी खिराज वसूलने जा रही है। उन्होंने फरमाया।*

### किसान व्यापारी पर होगा असर

जैन ने कहा कि सरकार के इस फैसले से किसान व व्यापारी भी बर्बाद होंगे। कहा कि नलकूप की दरें 6.48 से बढ़कर 7.35 रुपये प्रति यूनिट, आटा चक्की और लकड़ी की आरी पर 10-15 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी और 1000-2000 रुपये की वसूली सरकार करेगी।

# बदमाशों ने कैंटर चालक से हजारों की नकदी लूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

नेशनल हाइवे 344 पर लूटपाट की बड़ी वारदात हो गई। तीन बदमाशों ने कैंटर में अफीम होने की बात कहकर चालक को लूट लिया। बदमाशों ने चालक को कार में जबरन बंधक बनाकर रखा। इसके बाद उससे 51,500 रुपये लूट लिए। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ लूटपाट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला पटियान के रहने वाले कैंटर चालक शहनवाज ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह अपने कैंटर में स्क्रैप लोड करके पटियाला जा रहे थे। उसके साथ दोस्त शमीम भी था। 3 अप्रैल 2025 की रात लगभग 2 बजे जब वह मुलाना मारकंडा पुल से आगे ब्राह्मण माजरा कट के पास पहुंचे तभी एक सफेद ऑल्टो कार ने उनकी ट्रक को ओवरटेक कर रोक लिया था।

### जबरन निकाले पैसे

बदमाशों ने ट्रक चालक का पर्स, ड्राइविंग लाइसेंस और एटीएम कार्ड छीन लिया। 21,000रूपये नकद लूट लिए गए। इसके बाद बदमाश पीड़ित को लेकर दोसड़का पहुंचे। यहां से उसे वापस राजू ढाबा ले गए। बदमाशों ने शहनवाज के फोन से उसके दोस्त शमीम को कॉल करवाकर 500 रुपये मंगवाए। इसके बाद वे उसे लेकर साहा पहुंचे लेकिन यहां एटीएम बंद था। फिर वे महेश नगर गए जहां केडी अस्पताल के पास स्थित दो एटीएम से जबरन 31,000 रुपये निकाल लिए गए।

## जॉब के लालच में युवक से 5.84 लाख की ठगी

**अंबाला।** अंबाला कैंट के के युवक से टेलीग्राम पर पार्टटाइम नौकरी का झांसा देकर 5.84 लाख रुपए की ठगी हो गई। पीड़ति ने शिकायत कर आरोपी से अपने पैसे को वापस कराने की मांग की है। साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। परिवादी गुरजीत सिंह ने बताया कि एक दिन उसे एक टेलीग्राम पर एक मैसेज मिला। जिसके बाद उसने उसका रिप्लाई किया। उस मैसेज में कुछ पार्ट टाइम जॉब के बारे में था। जिसमें लिखा था कुछ टास्क पूरे करने पर एक निर्धारित राशि दी जाएगी। जिसके बाद वह इस झांसे में आ गया और धीरे-धीरे 5 लाख 84 हजार रुपए गंवा दिए। टेलीग्राम पर आए मैसेज के बाद युवक ने धीरे-धीरे चार टास्क पूरे कर लिए।

# चंडीगढ़ जाने के लिए न कोई सीधी बस न ही ट्रेन

- कई बार मांग कर चुकी इलाके की जनता, कोई नहीं ले रहा सुध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

कस्बे और आसपास के हजारों यात्रियों के लिए चंडीगढ़ और पंचकूला की यात्रा किसी चुनौती से कम नहीं है। यहां से चंडीगढ़ जाने के लिए न तो कोई सीधी बस सेवा उपलब्ध है और न ही कोई सीधी ट्रेन है। ऐसे में यात्रियों को पहले बस या ट्रेन में सवार होकर अंबाला जाना पड़ता है। उसके बाद वहां से अलग-अलग साधनों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने सरकार से बराड़ा से सीधी चंडीगढ़ तक की बस चलाने या फिर गाड़ी संख्या 15011-12 लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस का बराड़ा स्टेशन पर ठहराव किए जाने की मांग की है।

### कोई नहीं सुन रहा समस्या

लोगों ने इससे पहले भी कई बार रेलवे अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से चंडीगढ़ तक जाने के लिए बस और ट्रेन की ठहराव की मांग उठाई थी। गाड़ी संख्या 15011-12 लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस का बराड़ा रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने के लिए तो कई बार पूर्व सांसद स्व. रतन लाल को भी यात्रियों ने ज्ञापन सौंपा था, लेकिन इस मामले में आज तक कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने वर्तमान सांसद वरुण चौधरी से मांग की है कि वे संसद में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाकर इस समस्या से लोगों को राहत दिलाएं।

## किसान ने हमला करने का लगाया आरोप

**बराड़ा।** गांव अधोया एच के एक किसान ने गांव के सरपंच कुलदीप सिंह और ग्राम सचिव अनुज पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता जयपाल (68) ने आरोप लगाया कि सरपंच और सचिव की मिलीभगत से कुछ लोगों ने गांव के तालाब व ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा कर रखा है। जब उन्होंने इसकी शिकायत की तो उन्होंने अपने साथियों के साथ उन पर हमला कर दिया। पीड़ित जयपाल ने शिकायत में बताया कि उन्होंने गांव के जोहड़ और खेती की ज़मीन पर सरपंच व सचिव के खिलाफ अवैध कब्ज़े की शिकायत डीसी को की थी। इसकी शिकायत एसडीएम को मार्क की गई थी। इसके लिए बीती 2 अप्रैल को एसडीएम कार्यालय में दोनों पक्षों को अपनी बात रखने को बुलाया गया था। एसडीएम ने दोनों पक्षों से दस्तावेज मांगे लेकिन सरपंच और सचिव के पास कोई दस्तावेज नहीं थे।

### सहमति से सदस्यों ने लिया फैसला

# ललता प्रसाद होंगे नप के उपाध्यक

- परिवहन व श्रम मंत्री विज की अध्यक्षता में भाजपा की मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** नप सदस्य ललता प्रसाद का स्वागत करते मंत्री अनिल विज। *फोटो : हरिभूमि*

भाजपा के वरिष्ठ नेता ललता प्रसाद नगर परिषद के उपाध्यक्ष होंगे। लगातार निकाय चुनाव जीतने वाले ललता प्रसाद इस बार भी निकाय चुनाव जीतकर सदस्य बने हैं। परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में भाजपा की मीटिंग में सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित नप सदस्यों ने यह निर्णय लिया है। बैठक में सर्वसम्मति से पार्षदों और पार्टी नेताओं ने वरिष्ठ पार्षद ललता प्रसाद का नाम नगर परिषद उप-प्रधान पद के लिए प्रस्तावित किया जिसका सभी ने स्वागत किया तथा लालता प्रसाद को फूल-मालाएं पहनाकर खुशी का इजहार किया। बैठक में आगामी छह अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस मनाने को लेकर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने पार्टी पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता स्थापना दिवस पर अपने-अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाए तथा अपने-अपने वार्डों में कार्यक्रमों का आयोजन करें। इस दौरान भाजपा नेता ओम सहगल, जसबीर सिंह जस्सी, सुरेंद्र बिंद्रा, किरणपाल चौहान, राजीव गुप्ता, विजेंद्र चौहान, संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, अजय बवेजा, आशीष अग्रवाल, नरेंद्र राणा, मदनलाल शर्मा, नगर परिषद प्रधान स्वर्ण कौर के अलावा नगर परिषद में भाजपा पार्षद व अन्य मौजूद रहे।